# योग और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में टीम एक्टिनाइड्स 37 अंकों के साथ प्रथम



भास्कर न्यूज़ | रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के रसायन विज्ञान विभाग की केमिकल सोसायटी की ओर से समग्र स्वास्थ्य के लिए योग व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस दौरान डॉ. धर्मवीर, अमित व प्रवीण ने रसायन विज्ञान विभाग के शिक्षकों व विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार, ताड़ासन आदि विभिन्न आसन करवाएं। उन्होंने विद्यार्थियों को मन की शांति और ध्यान केंद्रित करने के लिए ओम के उच्चारण के महत्व को समझाया। रसायन विज्ञान विभाग व केमिकल सोसायटी अध्यक्ष डॉ. रश्मि पुंडीर ने इस आयोजन के लिए आभार जताया। प्रतियोगिता में सहायक शिक्षिका कर्मवती और मीनाक्षी निर्णायक मंडल में शामिल रहीं। जबकि केशव भारद्वाज ने टाइम कीपर के रूप में काम किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में टीम एक्टिनाइड्स 37 अंकों के साथ प्रथम स्थान पर रही, टीम लैंथेनाइड्स 22 अंकों के साथ द्वितीय, टीम अल्कली मेटल्स 18 अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में सोसायटी की खजांची लक्ष्मी और शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।

# योग व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, विजेता सम्मानित



*इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर में आयोजित प्रतियोगिता के विजेता स्टाफ के साथ। (वधवा)*

रेवाड़ी, 12 दिसंबर (वधवा): इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाड़ी के रसायन विज्ञान विभाग की केमिकल सोसायटी द्वारा समग्र स्वास्थ्य के लिए योग व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

समग्र स्वास्थ्य के लिए योग को योग विभाग के शिक्षकों द्वारा समर्थित किया गया। डॉ. धर्मवीर, श्री अमित, श्री प्रवीण ने रसायन विज्ञान विभाग के शिक्षकों व विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार, ताड़ासन आदि विभिन्न आसन करवाएं। उन्होंनै सभी विद्यार्थियों को मन की शांति और ध्यान केंद्रित करने के लिए ॐ के उच्चारण के महत्व को समझाया। रसायन विज्ञान विभाग व केमिकल सोसायटी अध्यक्ष डॉ. रश्मि पुंडीर ने योग विभाग के सभी शिक्षकों को विद्यार्थियों के साथ साझा किए गए उनके बहुमूल्य समय और ज्ञान के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि हमारे दैनिक जीवन में योग का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। योग हमारे दिनचर्या का नैतिक दायित्व है जिसे प्रतिदिन करना चाहिए।

इसके उपरांत रसायन विज्ञान विभाग के छात्रों को उनके विषय के ज्ञान के साथ प्रोत्साहित करने के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एमएससी प्रथम व द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में उत्साह पूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में सहायक शिक्षिका सुश्री कर्मवती और सुश्री मीनाक्षी जूरी सदस्य रही और श्री केशव भारद्वाज ने टाइम कीपर के रूप में काम किया।

छात्रों को तत्वों की आवर्त सारणी के नाम से 7 अलग-अलग टीमों में विभाजित किया गया जैसे: लैंथेनाइड्स, एक्टिनाइड्स, अल्कली मेटल्स, अल्कलाइन अर्थ मेटल, हलोजन, नोबल गैस, चालकोजेन।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में टीम एक्टिनाइड्स प्रथम, लैंथेनाइड्स द्वितीय, अल्कली मैटल्स तृतीय स्थान पर रही। विभागाध्यक्ष डॉ. रश्मि पुंडीर ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए विज्ञान के महत्व और दैनिक जीवन में इसके उपयोग के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने टीम के सदस्यों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती लक्ष्मी खजांची, केमिकल सोसायटी और सभी शिक्षकों को योगदान के लिए बधाई दी।

# दैनिक जीवन में योग का महत्वपूर्ण योगदान

- योग व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज. रेवाड़ी



रेवाड़ी। योगाभ्यास करते हुए विद्यार्थी।

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के रसायन विज्ञान विभाग की केमिकल सोसायटी की ओर से योग व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

समग्र स्वास्थ्य के लिए योग को योग विभाग के शिक्षकों द्वारा समर्थित किया गया। डॉ. धर्मवीर, अमित व प्रवीण ने रसायन विज्ञान विभाग के शिक्षकों व विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार, ताड़ासन आदि विभिन्न आसन कराएं। रसायन विज्ञान विभाग व केमिकल सोसायटी अध्यक्ष डॉ. रश्मि पुंडीर ने योग विभाग के सभी शिक्षकों को विद्यार्थियों के साथ साझा किए गए। उन्होंने कहा कि हमारे दैनिक जीवन में योग का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। योग हमारी दिनचर्या का नैतिक दायित्व है, जिसे प्रतिदिन करना चाहिए। इसके उपरांत छात्रों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एमएससी प्रथम व द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में उत्साह पूर्वक भाग लिया।


GPS Map Camera
Indira Gandhi University, Meerpur, Haryana, India
6MRX+59P, Meerpur, Haryana 122502, India
Lat 28.23496°
Long 76.699008°
10/12/22 11:14 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Google
Meerpur, Haryana, India
6MRX+59P, Meerpur, Haryana 122502, India
Lat 28.23496°
Long 76.699008°
10/12/22 10:53 AM GMT +05:30


Chemical Society
Department of Chemistry
Indira Gandhi University,Meerpur
organises
Yoga for holistic health
Quiz competition
Date :10th Dec. 2022
Venue: Seminar hall 1,
Sardar patel bhawan
Indira Gandhi University
Meerpur - Rewari
GPS Map Camera
Google
Indira Gandhi University, Meerpur, Haryana, India
6MRX+59P, Meerpur, Haryana 122502, India
Lat 28.23496°
Long 76.699008°
10/12/22 11:59 AM GMT +05:30


GPS Map Camera
Google
Indira Gandhi University, Meerpur, Haryana, India
6MRX+59P, Meerpur, Haryana 122502, India
Lat 28.23496°
Long 76.699008°
10/12/22 12:55 PM GMT +05:30



GPS Map Camera
Indira Gandhi University, Meerpur, Haryana, India
6MRX+59P, Meerpur, Haryana 122502, India
Lat 28.23496°
Long 76.699008°
10/12/22 12:48 PM GMT +05:30
Google